हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

04 शंख द्वार व सीढ़ी मार्ग पर बैरिकेडिंग से संभाली भीड़, सीसीटीवी...



07 पुलिस टीम पर पथराव व जानलेवा हमले के मामले में वांछित...



खबर संक्षेप

माता को चढ़ाई गई 351 फीट की चुनरी

किशनगढ़ ताल। जिले के अति प्राचीन मंदिर महामाया भादवा माता मंदिर पर सप्तमी पर समिपस्थ ग्राम निपानिया लिला के ग्राम वासियों द्वारा आज सप्तमी के पावन अवसर पर 351 फीट की चुनर महामाया भादवा माता को चढ़ाई हजारों की संख्या में चुनरी यात्रा में ग्राम वासी एवं आसपास के ग्रामीण सम्मिलित हुए भादवा माता सेवा समिति के द्वारा भव्य चुनरी यात्रा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भादवा माता सेवा समिति के अध्यक्ष प्रताप सिंह सोलंकी पंडित दशरथ दास बैरागी, महेश जायसवाल संजय जयसवाल करन सिंह सोलंकी दिलीप सिंह सोलंकी भेरूलाल महेंद्र सिंह सोलंकी आदि समिति लोगों ने चुनरी यात्रा क का फुल हार पहनाकर स्वागत किया।

आलोट में नशा मुक्त युवा थीम पर युवा संसद का आयोजन

किशनगढ़ ताल। मेरा युवा भारत, रतलाम द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट 2026-27 का आयोजन 17 अक्टूबर 2026 को विकासखंड आलोट के सांदीपनि विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम की थीम ह्ननशा मुक्त युवाह्न रही। इसमें लगभग 150 युवाओं ने भाग लेकर नशा मुक्ति, स्वस्थ समाज और सशक्त भारत के निर्माण का संदेश दिया। जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि युवा संसद का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना, उन्हें अपने विचार व्यक्त करने का मंच प्रदान करना तथा नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष आलोट महेंद्र सिंह सोलंकी रहे। विशेष रूप से युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सोलंकी, विधायक प्रतिनिधि मोहक मेहता, आलोट यातायात थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह, विद्यालय प्राचार्य फिरोज खान, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विकासखंड समन्वयक दुर्गा शंकर मोयल, कल्पना शर्मा, ईशीका खींची तथा मेरा युवा भारत के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भेरू सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया। युवाओं ने अपने विचारों के माध्यम से स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन गोपाल पोरवाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन मेरा युवा भारत के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर भेरू सिंह सोलंकी ने किया।

पानी की टंकी के लिए विधायक ने दिए 7 लाख

किशनगढ़ ताल। रतलाम जिले के किशनगढ़ (ताल) स्थित प्रसिद्ध महामाया भादवा माता मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उज्जैन जिले के महिदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश जैन ने अपनी विधायक निधि से पानी की टंकी के निर्माण के लिए 7 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मंदिर समिति के आग्रह पर की गई इस घोषणा से मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को पेयजल एवं स्नान के लिए पानी की सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि महामाया भादवा माता मंदिर क्षेत्र का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है, जहां प्रत्येक रविवार तथा नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यहां अनेक श्रद्धालु सवा महीने तक ठहरकर माता की आराधना करते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ण होने की कामना करते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था महत्वपूर्ण है। पानी की टंकी का निर्माण होने से मंदिर में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को पेयजल एवं स्नान के लिए पानी उपलब्ध कराने में सुविधा होगी। इससे मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवश्यकताओं को पूरा करने में भी सहायता मिलेगी।

आयोजकों द्वारा बालिकाओं को उपहार भी भेंट किए गए

महाअष्टमी पर मां पीतांबरा की नगरी में हुए कन्या पूजन और भोज के आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां पीतांबरा बगलामुखी की नगरी में महा अष्टमी पर्व पर कन्या पूजन तथा कन्या भोज के आयोजन हुए। जिसमें बड़ी संख्या में नगर की कन्याओं द्वारा भाग लिया गया। आयोजकों द्वारा सभी कन्याओं को उपहार भी भेंट किए गए। नवरात्रि के पावन अवसर पर मां बगला मुखी की नगरी में नगर के समस्त भक्तों द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कन्या पूजन तथा कन्या भोज का आयोजन रखा गया। नगर के गवलीपुरा मोहल्ला स्थित गवली समाज धर्मशाला में मां बगलामुखी भक्त मंडल द्वारा रविवार अष्टमी महा पर्व पर विशाल कन्या भोज का आयोजन प्रातः 10 बजे से रखा गया। वही नगर से 2 किलोमीटर दूर स्थित प्राचीन पांडव कालीन बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर पर नवरात्रि महोत्सव के तहत अष्टमी पर्व पर कन्या भोज का कार्यक्रम बल्ड़ावदा हनुमान मंदिर भक्त मंडल व क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रातः 10 से 2 बजे तक





रखा गया। दोनों आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में नगर सहित आसपास के ग्रामों से भी कन्याओं द्वारा भाग लिया गया। आयोजकों के साथ नगर वासियों द्वारा भी आयोजन में भाग लेकर कन्याओं का कुमकुम तिलक कर पूजन व पाद प्रक्षालन कर उन्हें उपहार भेट किए गए।

पटेल परिवार द्वारा किया जाएग हवन आज

नलखेड़ा। सदियों से चली आ रही परम्परा अनुसार आज नवमी पर कस्बा पटेल परिवार द्वारा विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर नगर की सुख समृद्धि की मंगलकामना को लेकर हवन किया जावेगा। कस्बा पटेल प्रेमनारायण वेदिया, पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया ने बताया कि पटेल परिवार द्वारा नगर की सुख समृद्धि के लिए सदियों से शारदीय नवरात्रि की नवमी पर माँ बगलामुखी मंदिर पर हवन किया जा रहा है। जिसका उल्लेख ग्वालियर स्टेट के दस्तावेजों में भी दर्ज है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर स्टेट के समय मंदिर की व्यवस्था के लिए 16 रुपये भी मिलते थे। उस समय बिजली नही होने से मशाल जलाकर उसके प्रकाश में हवन किया जाता था। श्री वेदिया ने बताया कि परम्परानुसार हवन की पूर्णाहुति के बाद बाड़ी उठती है, जिसका लखुंदर नदी में विसर्जन के पश्चात वापसी के दौरान मार्ग में आने वाले सभी मंदिरों में पूजा की जाती है। इसी तरह नवमी पर्व पर नगर के मध्य स्थित श्री खेड़ापति हनुमान जी की पूजा के बाद समीप स्थित मां चामुंडा मंदिर में भी हवन कर महाआरती की जाती है। तथा मां चामुंडा से भी नगर की सुख समृद्धि की कामना की जाती है।

नवमी महापर्व पर मां बगलामुखी मंदिर में होगा विशाल कन्या पूजन व कन्या भोज

नलखेड़ा। नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि महापर्व के अंतिम दिवस नवमी के अवसर पर नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा विशाल कन्या पूजन एवं कन्या भोज का कार्यक्रम मंदिर के समीप स्थित भंडारा परिसर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें माता स्वरूप नगर की समस्त कन्याओं द्वारा भाग लिया जाएगा। शारदीय नवरात्रि महापर्व के अंतिम दिवस नवमी पर्व पर मां बगलामुखी मंदिर में भक्ति, श्रद्धा और शक्ति आराधना का विशेष आयोजन होगा। इस अवसर पर नगर परिषद नलखेड़ा द्वारा कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की आराधना के बाद कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन और उन्हें भोजन करने की धार्मिक परंपरा के निर्वहन के लिए नगर परिषद द्वारा विशाल कन्या पूजन तथा कन्या भोज कार्यक्रम में नगर की समस्त कन्याओं को आमंत्रित किया गया है। नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी तथा मुख्य



नगर पालिका अधिकारी मिनी अग्रवाल ने बताया कि शारदीय नवरात्रि में माता पूजन का विशेष धार्मिक महत्व है। सनातन परंपरा में कन्याओं को मां दुर्गा का स्वरूप मानकर उनकी पूजा की जाती है। नगर परिषद द्वारा मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित भंडारा परिसर में प्रातः 10 बजे से कन्या पूजन तथा कन्या भोज का कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षद गण जनप्रतिनिधि तथा नगर वासियों द्वारा विधि विधान के साथ कन्याओं का पूजन कर उनका पाद पक्षालन भी किया जाकर कन्याओं को उपहार प्रदान किए जाएंगे। परिषद की ओर से नगर की समस्त कन्याओं को कार्यक्रम में शामिल होने के लिए नगर में अलाउंस के माध्यम से सादर आमंत्रण दिया गया है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार एक बार देवराज इंद्र ने माता दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए भगवान ब्रह्मा से उपाय पूछा तब ब्रह्मा जी ने उन्हें नौ छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराने की सलाह दी थी। इंद्र द्वारा यह विधि करने पर माता प्रसन्न हुई और तभी से कन्या पूजन की परंपरा की शुरुआत मानी जाती है।

आस्था के आंगन से होगी मां की विदाई आज

नगर की सुख समृद्धि और खुशहाली के लिए होगा हवन

- घरों पर भी पूजन के साथ होगा कन्या भोज का आयोजन
- महाअष्टमी पर बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे बगलामुखी माता मंदिर, किया हवन अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शारदीय नवरात्रि पर्व के अंतिम दिन नवमी पर्व पर सोमवार को विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मां के समक्ष परंपरा अनुसार होने वाला हवन तथा ज्वारे की बाड़ी का विसर्जन कार्यक्रम होगा। रविवार को अष्टमी पर्व पर माता मंदिर पर भक्तों की भीड़ लगी रही। प्रदेश सहित देश के कई स्थानों से माता भक्त मां बगलामुखी के दर्शन हेतु पहुंचे। कई भक्तों द्वारा परिवार की सुख समृद्धि तथा खुशहाली की कामना के साथ अपने मनोवांछित फल की प्राप्ति हेतु हवन भी करवाए गए। रविवार को सुप्रीम कोर्ट के जज, प्रदेश सरकार के मंत्री गौतम टेटवाल सहित कई वीआईपी भी दर्शनाथ माता के दरबार में पहुंचे। नवरात्रि के इन दिनों में मंदिर परिसर स्थित यज्ञशालाओं में 200 हवन कुंडों पर प्रातः काल से रात्रि 10 बजे तक हवन अनुष्ठान कार्य जारी रहे।

मां के दर पर पहुंची कई चुनर यात्राएं

रविवार को भी मां बगलामुखी मंदिर पर नगर सहित अंचल व जिले के कई स्थान से चुनर यात्राएं पहुंची। भक्त अगाध श्रद्धा के साथ कई किलोमीटर पैदल चलकर सिर पर चुनर धारण कर माता के जयकारों के साथ पहुंच रहे हैं। जो की माता के चरणों में चुनर समर्पित कर रहे हैं। शारदीय नवरात्रि पर्व के दिनों में विश्व प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन हजारों की संख्या में माता भक्त मां के प्रति अपने आस्था की चलते मंदिर पर पहुंचे। जहां उन्होंने माता रानी के मनोहारी स्वरूप के दर्शन कर अपनी मनोकामना मां के समक्ष रखी। रविवार को अष्टमी पर्व होने से माता मंदिर पर हजारों की संख्या में भक्तों को आना जाना सुबह से देर शाम तक लग रहा। विशेष पर्व तिथि होने से मां के गर्भ गृह के साथ पूरे दरबार को आकर्षक रूप से विभिन्न पुष्पों के माध्यम से सजाया गया था। वही माता रानी का भी भव्य और मनोहारी श्रृंगार किया गया था। सोमवार को पर्व का अंतिम दिन नवमी पर सुबह से देर रात्रि तक परंपरा अनुसार विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। जिसमें प्रातः कालीन आरती के साथ मंदिर के पुजारी परिवार द्वारा हवन किया जाएगा। वहीं परंपरा अनुसार नगर के गामोठ परिवार द्वारा माता रानी की प्रथम पूजा अर्चना की जाएगी। देर शाम नगर के पटेल परिवार द्वारा नगर की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना लेकर माता के समक्ष हवन किया जाएगा। इसके पश्चात माता की संध्याकालीन आरती होगी तथा मां के समक्ष घट स्थापना के साथ बोए गए ज्वारे की बाड़ी पुजारी गोपालदास जी पंडा द्वारा उठाई जाकर मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी पर ज्वारे का विधि विधान के साथ विसर्जन व लखुंदर मैया की आरती की जाएगी। नवरात्रि पर्व पर नगर के विभिन्न स्थानों पर माता प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। जहां पर पर्व के अंतिम दिन नवमी पर आज आस्था के आंगन से माता की विदाई होगी।

बस्ता मुक्त दिवस पर उमड़ी रचनात्मकता

पीएम श्री शासकीय हाईस्कूल धरोला के बच्चों ने बनाए उपयोगी सामान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल धरोला में शनिवार को बेगलेस डे (बस्ता मुक्त दिवस) का भव्य आयोजन किया गया। इस दिन छात्रों ने किताबों के बोझ से मुक्त होकर रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। गतिविधि प्रभारी शिक्षक हेमराज पाटीदार, शोभना सोगानी, अर्चना पाटीदार, देवराज सिंह एवं जगदीश राठौर के मार्गदर्शन में बच्चों ने कागज और गत्ते का उपयोग करके कई उपयोगी वस्तुएं तैयार कीं। इनमें डस्टबिन, घर, मंदिर, वाहन, ट्रे, नोटिस बोर्ड, गुलदस्ता, सांप-सीढ़ी, कैरम, आसन, वंदनवार, संदूक, लेटर बॉक्स तथा विभिन्न तस्वीरें शामिल थीं। छात्रों ने अपनी कल्पनाशीलता और हस्तकौशल का परिचय देते हुए पर्यावरण-अनुकूल वस्तुएं बनाईं। इसी क्रम में छात्रों के एक अन्य दल ने शिक्षक करण सिंह वर्मा, गिरिराज पाटीदार, पारस पाटीदार एवं अर्पित बंसिया के दिशा-निर्देश में विद्यालय परिसर के पेड़-पौधों की देखभाल का कार्य किया। बच्चों ने पौधों में मिट्टी डाली, पानी पिलाया तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपाय किए। स्कूल प्रशासन ने बताया कि बेगलेस डे का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और व्यावहारिक कौशल का विकास करना है।

नवरात्रि में हो रही है बंगाली परंपरा से मां दुर्गा की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शारदीय नवरात्रि पर्व में शिव की नगरी शक्ति की आराधना में पूरी तरह लीन है... नगर का कोई क्षेत्र ऐसा शेष नहीं जहां मां की आराधना नहीं हो रही हो। गली मोहल्ला चौक चौराहों से लेकर कालोनियों तक में गरीबों के पंडाल सजा है और रात्रि के समय महा आरती के साथ शुरू हो जाती है गरबों की आराधना...। इस पूरे आध्यात्मिक पावन वातावरण के बीच नगर में पहली बार बंगाली परंपरा ओर प्रथा के अनुसार मां दुर्गा की पूजा की जा रही है वह भी पूर्ण विधि विधान से। नगर के नरसिंहपुरा क्षेत्र स्थित श्री जी पार्क में संजय बंगाली जो स्वर्णकार हैं और आभूषणों का व्यवसाय करते हैं उनके निवास परिसर में शारदीय नवरात्रि में प्रथम दिन से प्रतिदिन बंगाली पद्धति से मां दुर्गा की पूजा की जा रही है। पूजा विधि संपन्न करने के लिए भी बंगाल से ही विद्वान पंडित आए हैं और बंगाली पद्धति की पूजा में जो भी सामग्री लगती है वह भी बंगाल से ही लाई गई है श्री संजय



बंगाली जिन्हें संजू बंगाली के नाम से ज्यादा जाना जाता है वे 35 साल पहले मंदसौर काम की तलाश में आए थे छोटा बड़ा काम कर अपनी मेहनत से वे आगे बढ़े जीवन में तरक्की की और आभूषणों का व्यवसाय आरंभ किया वे मूल रूप से बंगाल के रहने वाले हैं यहां उन्हें परिश्रम का फल मिला व्यापार आगे बढ़ता गया उन्होंने मन में संकल्प लिया था कि जब उनके घर का मकान बनेगा उसमें उनका परिवार रहने लगेगा तो पहली ही नवरात्रि में बंगाली पद्धति से दुर्गा पूजा करेंगे बहुत दिनों से मां दुर्गा की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा कराएंगे। मन्नत पूरी हुई घर बन गया। चार माह पूर्व संजू बंगाली परिवार सहित अपने घर में शिप्ट हुए। नए ओर अपने घर में रहने के चार माह बाद शारदीय नवरात्रि का शुभ प्रसंग आया। बंगाली परिवार ने मां दुर्गा की बड़ी ही भव्य मनोहारी प्रतिमा स्थापित की। । प्रतिमा से लेकर पूजा की समस्त सामग्री बंगाल से ही लाए हैं । 80 वर्षीय वृद्ध मातुश्री जब शंख बजाती है तो सुनने वाले हैरत में पड़ जाते हैं। गत दिवस यहां दर्शन हेतु उपस्थित हुए वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी ब्रजेश जोशी ने कहा कि यह सुखद प्रसंग नगर में पहली बार हो रहा है। वास्तव में बंगाली परम्परा की दुर्गा पूजा पद्धति बहुत ही विशिष्ट ओर प्रभावी है।

हिंदू परिषद व बजरंग दल ने श्रद्धा और उत्साह से की महाआरती और शस्त्र पूजन

मंदसौर। अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल ने माता की महाआरती एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने माता की महाआरती कर धर्म, संस्कृति तथा राष्ट्र की रक्षा का सामूहिक संकल्प लिया। इसके साथ ही भारतीय सनातन परंपरा, शौर्य एवं वीरता के प्रतीक शस्त्रों का विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया गया। इस गरिमामयी आयोजन में परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पं. जितेंद्र व्यास, रावत, जिला अध्यक्ष विनोद जाट, जिला महामंत्री गोपाल सिंह राजावत, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विकास सिंह रावत, कुंदन राठौर, निशांत शर्मा, शुभम तरवेचा, श्याम लाल शर्मा, अजय सोनगरा, दीपक तोमर, कमलेश मेहता, कैलाश मालवीय, बंसीलाल मालवीय, ओमप्रकाश मिश्रा और पंकज पोरवाल सहित संगठन के अनेक प्रमुख पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता विशेष रूप से मौजूद रहे।

शिवना शुद्धिकरण अभियानः प्लास्टिक कचरा हटाने के साथ गाजर घास की भी सफाई

पशुपतिनाथ मंदिर के घाटों और नदी किनारों पर किया गया श्रमदान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शिवना नदी को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित शिवना शुद्धिकरण अभियान के 146वें दिन रविवार को श्रमदानियों ने नदी के घाटों और दोनों किनारों पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नदी और आसपास फैली प्लास्टिक की थैलियां व अन्य कचरा एकत्रित कर बाहर निकाला गया। अभियान के दौरान करीब एक ट्रॉली कचरा हटाया गया।

विधायक ने पैदल निरीक्षण कर चिह्नित किए सफाई स्थल

अभियान के दौरान विधायक विपिन जैन ने शिवना नदी के किनारे पैदल चलकर स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। मीडिया





से चर्चा में उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद नदी किनारे कई ऐसे स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां आगामी दिनों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। रविवार को नदी और उसके आसपास फैले प्लास्टिक कचरे को हटाने के साथ किनारों पर उगी गाजर घास की भी सफाई की गई।

विधायक जैन ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण अभियान के माध्यम से नदी की नियमित सफाई के साथ नागरिकों को भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि नदी में प्लास्टिक, पूजन सामग्री और अन्य कचरा न डालें तथा नदी को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

हर रविवार सुबह दो घंटे श्रमदान

अभियान के आयोजकों ने नगरवासियों से प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक होने वाले श्रमदान में शामिल होने की अपील की, ताकि सामूहिक प्रयासों से शिवना नदी की स्वच्छता और संरक्षण को गति मिल सके।

इनकी रही सहभागिता

श्रमदान में विधायक विपिन जैन के साथ समाजसेवी रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, संभव जैन, शांतिलाल मेमावत टोलखेड़ी, दलौदा से शोबित जैन, नविता जैन, सार्थक वेलफेयर संस्था से उर्मिला तोमर, उषा चौधरी, विक्रम सिंह, रफत पयामी, इष्टा भाचावत, प्रमिला पंवार सहित राजनारायण लाड़, संजय नाहर, विश्वास दुबे, कपिल पंड्या, अजय सोनी, रमेश ब्रिजवानी, जयेश पालीवाल, कैलाश कुमावत अमलावद, रमेश कुमावत, विजय सिंह सिसोदिया आदि रहे मौजूद।

खबर संक्षेप

सेवा समिति ने आयोजित किया भंडारा

देवास। न्याय प्रिय हनुमान मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजक एवं अधिवक्ता शुभम सिंह राजपूत के नेतृत्व में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माता रानी के प्रसाद वितरण एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय इस आयोजन में श्रद्धालुओं को माता रानी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक पंकज पंड्या एडवोकेट, रामप्रसाद सूर्यवंशी, गुड्डू सिरोलिया, सचिन प्रजापति, गजेंद्र वर्मा एडवोकेट, जयप्रकाश शर्मा एडवोकेट, प्रवीण अंडेरिया, रजत पंड्या एडवोकेट, अजय सिंह चावड़ा, अनिल लोधी, माखन मालवीय, मोहित राजपूत, मानस पंड्या, राज बरेठा, कुलदीप राजपूत, दिनेश पाठक, भावेश पंड्या एवं विकास जैन सहित अन्य सहयोगियों की सहभागिता रही। तीन दिवसीय भंडारे के सफल आयोजन में सभी सहयोगियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री राम जानकी रथ यात्रा व रावण दहन कल

देवास। संस्था श्री छत्रपति शिवाजी द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के पावन अवसर पर भव्य श्री राम जानकी रथ यात्रा एवं विशाल रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया जाएगा। संस्था के संयोजक मिलिंद सोलंकी एवं रवि जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री राम जानकी रथ यात्रा श्री गुरुटेकचंद धर्मशाला, मोती बंगला से प्रारंभ होकर क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव शक्ति ग्राउंड (पशुपतिनाथ मंदिर) मोती बंगला, देवास पहुँचेगी, जहाँ धार्मिक एवं सांस्कृतिक नाट्य मंचन कार्यकर्म के पश्चात गरबा प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण किये जाएगर इसके बाद विधिवत भव्य रावण दहन का आयोजन संपन्न होगा।

दशहरा पर होगा विशाल रावण दहन

देवास। धर्म, जनसेवा व सामाजिकता की त्रिवेणी रामाश्रय परिसर मक्सी रोड़, बिलावली में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विशाल रावण दहन के साथ विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी (दशहरा) पर 20 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे विभिन्न कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रभु श्री राम जी की महाआरती पश्चात रंगारंग आतिशबाजी की जाकर असत्य के प्रतीक रावण के 51 फिट ऊँचे पुतले का दहन किया जाएगा।

सप्तमी की रात माता टेकरी पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब, श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

शंख द्वार व सीढ़ी मार्ग पर बैरिकेडिंग से संभाली भीड़, सीसीटीवी से की निगरानी

एसपी पुनीत गेहलोद ने सतत निरीक्षण कर सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शारदीय नवरात्रि की सप्तमी पर माता टेकरी में दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शनिवार शाम से शुरू हुआ भीड़ का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। नवरात्र में अब तक लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन कर चुके है। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन को व्यवस्थाओं में बदलाव करना पड़ा। शंख द्वार और टेकरी की सीढ़ियों पर जिगजैग बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही नियंत्रित की गई, वहीं कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भीड़ और यातायात पर लगातार नजर रखी गई।

रात 11 बजे के बाद बढ़ा दबाव

शनिवार शाम करीब 6.30 बजे से शहर में बसों की एंट्री बंद कर दी गई। रात 9 बजे से श्रद्धालुओं की कतारों को व्यवस्थित करने के लिए जिगजैग व्यवस्था शुरू की गई। रात 11 बजे के बाद माता टेकरी की ओर श्रद्धालुओं की आवाजाही और बढ़ गई। शंख द्वार पर बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को रोक-रोककर आगे बढ़ाया गया, ताकि एक साथ अधिक भीड़ जमा होने से दबाव की स्थिति न बने। टेकरी की सीढ़ियों और प्रमुख दर्शन मार्गों पर भी जिगजैग बैरिकेडिंग के जरिए भीड़ को नियंत्रित किया गया। रविवार सुबह भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही जारी रही। बड़ी संख्या में भक्त परिवार के साथ इंदौर मार्ग से पैदल माता टेकरी पहुंचे और कतारबद्ध होकर दर्शन किए।

कट पॉइंट बंद कर संभाला यातायात

श्रद्धालुओं की बढ़ती आवाजाही का असर शहर की यातायात व्यवस्था पर भी दिखाई दिया। रात के दौरान एबी रोड पर जाम की स्थिति बनी, जिसे नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने कई कट पॉइंट बंद किए। प्रमुख मार्गों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। यातायात सुचारु रखने और श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लगातार मोर्चा संभाले रखा।

एसपी ने देर रात किया निरीक्षण

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने देर रात माता टेकरी परिसर और प्रमुख दर्शन मार्गों का निरीक्षण कर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सतर्क रहने को कहा। माता टेकरी स्थित कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के जरिए प्रवेश-निकास द्वारों, दर्शन मार्गों और आसपास के यातायात की लगातार निगरानी की गई।



भीड़ की स्थिति के अनुसार मैदानी पुलिस बल के साथ समन्वय कर व्यवस्थाओं में बदलाव किए गए, ताकि किसी एक स्थान पर अत्यधिक दबाव न बने और श्रद्धालु व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ सकें।

पशु चोरी करने वाले संगठित गिरोह का पर्दाफाश, पांच आरोपी गिरफ्तार

ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत मिली सफलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश और बकरा-बकरी चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले कथित संगठित गिरोह का कन्नौद पुलिस ने पर्दाफाश किया है।

पुलिस के मुताबिक, जांच में सामने आया कि यूसुफ उर्फ यूसुफ लाला अपने इंदौर निवासी साथियों के साथ मिलकर ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश और बकरा-बकरी चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। सूचना के आधार पर कन्नौद पुलिस ने पानीगांव रोड पर घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे यूसुफ पिता मुंशी खान को पकड़ लिया गया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का देशी कट्टा मिला। मुख्य आरोपी से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इंदौर निवासी मोहसीन खान उर्फ गालू, अशरफ खान कुरैशी, मुख्तियार और आकिब उर्फ अक्कू कुरैशी को भी गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने ग्रामीण क्षेत्रों से पशु चोरी कर इंदौर निवासी जावेद लाला के माध्यम से उन्हें बिकवाने की जानकारी दी है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पशु चोरी में इस्तेमाल मारुति विटारा ब्रेजा कार और दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार, जांच में आरोपियों के पूर्व में भी इसी प्रकार की आपराधिक घटनाओं में शामिल होने की जानकारी सामने आई है। मामले में संगठित अपराध से संबंधित धारा भी बढ़ाई गई है। गिरोह से जुड़े अन्य संभावित सहयोगियों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कन्नौद तहजीब काजी, उपनिरीक्षक दीपक भोंडे, प्रधान आरक्षक धन्नालाल चौरे तथा आरक्षक योगेन्द्र सिंह और राजेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कदम-कदम पर लग रहे भंडारे, एक से एक व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे माता रानी के भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शारदीय नवरात्र महोत्सव अंतर्गत भंडारो के पांडालों की संख्या गिनना मुश्किल है। ऐसा लगता है कि सारा देवास दर्शनार्थी मां के भक्तों की सेवा में जुटा हुआ है। विभिन्न समितियों के कार्यकर्ता, संरक्षक सहित व्यापारी बंधु, अन्य धनाढ्य एवं मध्यम वर्गीय जन मुक्त हस्त से अपनी अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान भेंट कर रहे है। इंदौर, मक्सी, भोपाल राष्ट्रीय राजमार्गो सहित शहर के आंतरिक मार्गो पर बड़ी संख्या में भंडारा पांडाल लगाए गए है। माँ चामुण्डा सेवा समिति, शिवशक्ति सेवा मण्डल सहित संस्था अनंता, श्री केदारेश्वर समिति, संस्था श्री विश्व राजा, संस्था आदिशक्ति, गोंड समाज सहित तमाम पांडालों पर मां के भक्त बफर सिस्टम की तरह एक से बढकर एक गर्मागर्म ताजा, स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा रहे है। भंडारा पांडालों में फलाहार के साथ ही गुजराती खिचड़ी, काजू बादाम वाली खीर, फलाहारी आलूबड़े, साबूदाना बड़ा, शिकंजी, सीताफल की रबड़ी, फ्रूट रबड़ी, केसरिया दूध, मजेदार कलाकंद, अखरोट का हलुआ, जायकेदार चटनी के साथ आलू पेटिश, चाय इत्यादि सहित ओर भी विविध प्रकार के व्यंजन प्रथम नवरात्र से ही टेकरी पर आगंतुक भक्तों को अर्पित किए जा रहे है । इसी के साथ नवरात्र की छठ से मां की घट स्थापना वाले दुर्गा पांडालों पर भोजन प्रसादी के भंडारे लगना भी शुरू हो गए है । मां की फलाहारी एवं भोजन प्रसादी के भंडारों का यह क्रम विजयादशमी के उपरांत शरद पूर्णिमा एवं कहीं कहीं दीपावली तक चलेगा।

नवरात्र के प्रथम दिवस से संस्था अनंता का भंडारा जारी



देवास। पिछले वर्ष से आयोजित अनंता द्वारा प्रथम नवरात्र से ही आयोजित भंडारे के पांडाल ने भी मां के भक्तों की दाद बटोरी है । अनंता के पांडाल में भक्तों को प्रतिदिन अलग अलग प्रकार के व्यंजनों से सेवा के साथ ही भजन गायकों द्वारा कर्णप्रिय भजनों की प्रस्तुतियां भी दी जा रही है । अनंता के मंच पर प्रथम नवरात्र को पत्रकार बंधुओं से लेकर जिलाधीश ऋतुराज सिंह, एसपी पुनीत गेहलोद, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, विधायक गायत्रीराजे पवार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज राजानी, प्रयास गौतम सहित साहित्यकार, कलाकार सहित शहर के अन्य कई प्रतिष्ठित जन मां की आरती में हिस्सा ले चुके है । संस्था अनंता के संरक्षक भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, संयोजक अजय सेंधव, संचालक दिनेश सांखला सहित कार्यकर्ताओं द्वारा आरती में हिस्सा लेने वाले प्रमुख अतिथियों का माताजी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत, सत्कार किया जा रहा है ।

मंदिरों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

शारदीय नवरात्रि के चलते भौरासा नगर के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। नगर में रानी दमयंती तालाब की पाल पर स्थित शक्ति माता मंदिर, भौरासा फाटा रोड स्थित लाल माता मंदिर, छिपा मोहल्ला स्थित मां अंबिका मंदिर और अन्नपूर्णा चौक स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। नगर के अन्नपूर्णा चौक स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर की विशेष मान्यता है। यहां मां अन्नपूर्णा, मां लक्ष्मी और मां कालिका की प्रतिमाएं स्थापित हैं। तीनों स्वरूपों के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नवरात्रि के इन नौ दिनों में श्रद्धालु अपनी-अपनी श्रद्धा और मान्यता के अनुसार मां की आराधना कर रहे हैं। कुछ श्रद्धालुओं ने मौन व्रत धारण किया है और बोलने के बजाय कागज पर लिखकर अपनी बात दूसरों तक पहुंचा रहे हैं। भक्तों की ऐसी विविध साधनाएं नगर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

श्री रामी गुजराती माली समाज कल शोभायात्रा निकाल करेगा रावण दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री रामी गुजराती माली समाज ज्वाला परिवार दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में मंगलवार को रात्रि 8 बजे प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम संयोजक अजय पड़ियार ने बताया कि शोभायात्रा के साथ रावण दहन का आयोजन भी किया जाएगा। शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इनमें ओरिजिनल फूलों से सुसज्जित भव्य राम दरबार, बारह अवतार की चलित झांकी, 21 फीट के नाचते हुए हनुमानजी, भगवान विष्णु की विशाल प्रतिमा तथा अयोध्या के बाल स्वरूप श्रीरामजी की मनमोहक झांकी शामिल रहेगी। शोभायात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए गुजरात के सुप्रसिद्ध ढोल और इंदौर की ताशा पार्टी भी अपनी प्रस्तुति देंगी। धार्मिक झांकियों और ढोल-ताशों की गूंज के बीच निकलने वाली शोभायात्रा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। समिति द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं। दशहरा उत्सव के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्शों तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया जाएगा।

20वें साल भी ओम महाशक्ति मित्र मंडल की परंपरा बरकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर में भक्ति, उत्साह और गरबों की धूम देखने को मिल रही है। ओम महाशक्ति मित्र मंडल के आयोजक विपिन शिवहरे के नेतृत्व में लगातार 20वें वर्ष गरबा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। गरबा पंडाल को रंग-बिरंगी रोशनी से आकर्षक रूप से सजाया गया है। आयोजन स्थल पर नगर की महिलाओं और पुरुषों के बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है, जिससे श्रद्धालु व्यवस्थित रूप से कार्यक्रम का आनंद ले सकें। आयोजक विपिन शिवहरे ने कहा कि मंडल द्वारा लगातार 20 वर्षों से नवरात्रि में गरबा आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य मां की आराधना के साथ नगर की सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत बनाए रखना और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। इस वर्ष आयोजन में कोरियोग्राफर शिवम शर्मा ने गरबा नृत्य का प्रशिक्षण दिया। आयोजन के दौरान एक दिन पहले बालिकाओं ने मोबाइल फोन के दुष्परिणामों पर प्रस्तुति देकर लोगों को जागरूक किया। प्रस्तुति के माध्यम से मोबाइल के अत्यधिक उपयोग, पढ़ाई पर पड़ने वाले प्रभाव और बच्चों की दिनचर्या पर इसके असर जैसे विषयों की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

मां बिजासन को चुनरी की गई अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



मां चामुंडा चुनरी यात्रा समिति के तत्वावधान में ग्राम चौबारा जागीर से भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। सुबह 9 बजे हनुमान मंदिर से शुरू हुई यात्रा आम गुराड़िया होते हुए मां बिजासन पर्वत पहुंची। मार्ग में ग्रामीणों ने जगह-जगह आरती उतारकर पुष्पवर्षा से स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए फलाहार एवं प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। बिजासन पर्वत पर भक्तों ने माता रानी को चुनरी अर्पित कर आरती की। इसके बाद समिति सदस्यों ने प्रसाद वितरित किया। यात्रा में कैलाश वर्मा, संतोष शर्मा, रविन्द्र शर्मा, जितेंद्र वर्मा, कालूसिंह दरबार, निखिल शर्मा, राहुल शर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, सचिन पटेल, रविन्द्र सेंधव, अरविंद फागवा, चेतन वर्मा और ललित वर्मा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

कलाव्योम फाउंडेशन की लोकगीत और लोकवाद्य कार्यशाला संपन्न

कार्यशाला में लोकसंगीत के संरक्षण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भारतीय लोक संस्कृति की समृद्ध परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन और उन्हें नई पीढ़ी तक पहुँचाने के उद्देश्य से कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश के सहयोग से क्षिप्रा में लोकगीत एवं लोकवाद्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लोकगीतों की सांस्कृतिक महत्ता, पारंपरिक गायन शैलियों, लोकवाद्यों की भूमिका तथा स्थानीय लोक कलाकारों के योगदान को रेखांकित किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोककलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पारंपरिक सांस्कृतिक विरासत के पीढ़ीगत हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यशाला में प्रसिद्ध लोक गायक दयाराम सारोलिया ने प्रतिभागियों को लोकगीतों की विशेषताओं, पारंपरिक गायन शैलियों, क्षेत्रीय लोकधुनों तथा हारमोनियम सहित विभिन्न लोकवाद्यों के महत्व की जानकारी दी। सारोलिया ने नई पीढ़ी को लोकसंगीत से जोड़ने तथा विलुप्तप्राय लोककलाओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कलाव्योम फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की। कलाव्योम फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक श्रीमाल ने कहा कि लोकगीत एवं लोकवाद्य हमारी सांस्कृतिक पहचान और पारंपरिक ज्ञान के महत्वपूर्ण वाहक हैं। इनमें मिट्टी की सुगंध, स्थानीय समाज का जीवन-दर्शन तथा सदियों से संचित सांस्कृतिक अनुभव समाहित हैं। उन्होंने कहा कि कलाव्योम के माध्यम से लोककलाओं का संरक्षण एवं संवर्धन केवल प्राचीन परंपराओं को सहेजने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और पहचान को भावी पीढ़ियों तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण दायित्व भी है। कलाव्योम फाउंडेशन की सचिव अपर्णा भोसले ने कहा कि स्थानीय लोक कलाकार हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर के संवाहक हैं। कलाव्योम फाउंडेशन लोककलाओं के संरक्षण, संवर्धन तथा कलाकारों को सम्मान और प्रोत्साहन देने के लिए निरंतर प्रयासरत है, ताकि पारंपरिक ज्ञान, सांस्कृतिक मूल्यों और लोक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाया जा सके।

यज्ञ में सुख-समृद्धि के लिए दी आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर गायत्री प्रज्ञा पीठ में गायत्री यज्ञ एवं अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इसमें नगर एवं क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ गायत्री मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित की गईं। यज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में जितेंद्र सिंह चौहान एवं उनके परिजनों ने आहुतियां प्रदान कीं। इस अवसर पर नगर के समाजसेवी स्व. अमर सिंह मालवीय की स्मृति में राजेश मालवीय ने नगर की समस्त धार्मिक संस्थाओं को मां दुर्गा सप्तशती की पुस्तकें भेंट कीं। साथ ही गायत्री मंदिर में कन्या भोज के लिए 2100 रुपए की राशि भी भेंट की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी परिजनों को परम पूज्य सद्गुरुदेव का सत्साहित्य भेंट किया गया। आयोजन में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ नगर की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की गई।

खबर संक्षेप

हाईवे पर कंटेनर की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम असऊपुरा के मोड़ पर शनिवार सुबह नेशनल हाईवे-44 पर सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। खेत पर जाने के लिए घर से निकली महिला को झांसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर चोटें आने के कारण महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतका के पोते की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम असऊपुरा निवासी रोनक पुत्र अशोक कुमार अहिरवार ने बताया कि उसकी दादी गोमती पत्नी गोरेलाल अहिरवार 17 अक्टूबर की सुबह करीब 5.50 बजे रोजाना की तरह अपने घर से खेत पर जाने के लिए निकली थीं। जब वह गांव के मोड़ के पास हाईवे किनारे पहुंचीं, तभी झांसी की ओर से आ रहा एक कंटेनर उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गया। आरोप है कि कंटेनर चालक वाहन को तेज गति और लापरवाही से चला रहा था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पोते रोनक की शिकायत पर थाना तालबेहट पुलिस ने अज्ञात कंटेनर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रास्ते के विवाद में मां-बेटे पर लाठी-डंडों से हमला

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम पिपरई मजरा चिन्टयाऊ में रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि घर के दरवाजे पर खड़े युवक के साथ चार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची युवक की मां को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे मां-बेटे दोनों को चोटें आईं। शिकायत पर तालबेहट पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पिपरई मजरा चिन्टयाऊ निवासी संजू अहिरवार पुत्र खित्तू अहिरवार ने बताया कि 16 सितंबर को सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर के दरवाजे के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव के शिवचरन पुत्र छतुआ, बंटी पुत्र शिवचरन, संगीता पत्नी रवीन्द्र अहिरवार और मुन्नी पत्नी शिवचरन अहिरवार वहां पहुंच गए। आरोप है कि रास्ते के विवाद को लेकर चारों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। संजू के विरोध करने पर आरोपियों ने कथित तौर पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। शोरगुल सुनकर उसकी मां मुन्नी बाई पत्नी खित्तू अहिरवार मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव करने लगीं। आरोप है कि हमलावरों ने उनके साथ भी मारपीट की, जिससे मां-बेटे घायल हो गए। शिकायत के आधार पर थाना तालबेहट पुलिस ने शिवचरन, बंटी, संगीता और मुन्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

शराब के नशे में बुलेट को लहराते हुए दौड़ा रहा युवक गिरफ्तार

ललितपुर। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान तालबेहट पुलिस ने शराब के नशे में तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से बुलेट चलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि युवक सड़क पर बाइक को लहराते हुए चला रहा था, जिससे राहगीरों और सड़क से गुजर रहे अन्य लोगों की जान को खतरा उत्पन्न हो रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मोटर साइकिल को कब्जे में लेकर सीज करने की कार्रवाई की है। उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद पुलिस टीम के साथ कस्बा तालबेहट में शहनाई गार्डन के पास नाले के पुल पर संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान तहसील की ओर से एक युवक बुलेट मोटरसाइकिल लेकर आता दिखाई दिया। आरोप है कि वह बाइक को तेज गति से लहराते हुए और लापरवाही पूर्वक चला रहा था। उसकी वाहन चलाने की शैली से मार्ग पर आवागमन कर रहे लोगों के लिए खतरा पैदा हो रहा था। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बाइक सवार को रोककर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम वार्ड नंबर 07 निवासी अभिषेक यादव पुत्र सूरज यादव बताया।

तालबेहट के दौलता गांव में वारंटी की गिरफ्तारी के दौरान हुई थी घटना

पुलिस टीम पर पथराव व जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

मामले में पहले छह आरोपी भेजे जा चुके हैं न्यायिक अभिरक्षा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



थाना तालबेहट पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से हमला करने, मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दौलता गांव निवासी सुमेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र उर्फ कालू पुत्र आजाद यादव के रूप में हुई है।

आरोपी को 17 अक्टूबर को दौलता गांव से गिरफ्तार किया गया। मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। 11 अक्टूबर को थाना तालबेहट पुलिस वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए ग्राम दौलता में दबिश देने गई थी। इस दौरान पुलिस टीम सुमेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र को हिरासत में लेने की कार्रवाई कर रही थी। आरोप है कि इसी दौरान उसके घरवालों ने एक राय होकर पुलिस टीम पर पथराव और मारपीट की, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। घटना के संबंध में थाना तालबेहट में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया था। गठित टीमों ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सुमेन्द्र उर्फ सुरेन्द्र उर्फ कालू को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में इससे पहले छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। थाना तालबेहट में दर्ज मुकदमा संख्या 373/2026 में बीएनएस की धारा 109(2), 121, 132, 263, 191(2), 190, 351(3) और 352 के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं। इनमें थाना बार में मुकदमा संख्या 28/2024 के तहत आईपीसी की धारा 363, 366, 376 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 का मामला शामिल है। इसके अलावा थाना तालबेहट में मामले दर्ज होने का उल्लेख है। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ तालबेहट आशीष कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना तालबेहट के प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्र पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

महेन्द्र सिंह ठाकुर की संपत्ति पर पुलिस की कार्रवाई

गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग सदस्य की तीन लाख कीमत की बोलेरो पिकअप कुर्क

ललितपुर। अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना तालबेहट पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए गैंग के एक सदस्य की बोलेरो पिकअप कुर्क कर ली। कुर्क किए गए वाहन की अनुमानित वर्तमान कीमत तीन लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के अनुपालन में की। थाना तालबेहट में दर्ज मुकदमा संख्या 335/2024, धारा 2(ख)(1)/3 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मामले में यह कार्रवाई की गई है। उक्त मुकदमा ग्राम मैलवाराकलां व हाल आसरा कॉलोनी बुढ़वार रोड निवासी वीर विक्रम सिंह बुन्देला उर्फ मधु पुत्र स्व.जगदीश सिंह बुन्देला सहित पांच लोगों के विरुद्ध दर्ज है। इस मामले में गैंग के सदस्य मैलवाराकलां निवासी



महेन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र शिवराज सिंह की बोलेरो पिकअप को कुर्क किया गया है। वाहन का पंजीकरण नंबर यूपी 94 टी 6283 है। संबंधित वाहन को समाजविरोधी गतिविधियों से अर्जित अवैध संपत्ति में शामिल मानते हुए कुर्की की कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी न्यायालय में वाद संख्या 578/2026 में 28 अप्रैल 2026 को पारित आदेश के अनुपालन में वाहन कुर्क किया गया। कार्रवाई शासन और पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अपराधियों तथा भूमाफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। महेन्द्र सिंह ठाकुर के आपराधिक इतिहास में तीन मुकदमों का उल्लेख किया गया है। यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह के पर्यवेक्षण में की गई। कुर्की की कार्रवाई करने वाली टीम में थाना तालबेहट प्रभारी निरीक्षक रमेश चन्द्र मिश्रा पुलिस बल के साथ शामिल रहे।

सीडीओ ने निष्पक्षता के साथ चुनाव कराने के दिए निर्देश

स्नातक एमएलसी चुनाव को लेकर मतदान कार्मिकों और माइक्रो ऑब्जर्वरों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए विकास भवन सभागार में मतदान कार्मिकों एवं माइक्रो ऑब्जर्वरों का द्वितीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों, मतदान प्रक्रिया और मतदान के दिन बरती जाने वाली सावधानियों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम सीडीओ, प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण, तथा डीडीओ, सहायक प्रभारी अधिकारी कार्मिक एवं प्रशिक्षण, की देखरेख में संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान कार्मिकों और माइक्रो ऑब्जर्वरों को निर्वाचन संबंधी नियमों और उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही मतदान के दौरान आने वाली विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके भी बताए गए। प्रशिक्षण के दौरान वैकल्पिक पहचान पत्रों के सत्यापन, मतपेटी एवं मतपत्र की गोपनीयता बनाए रखने, चैलेंज वोट और टेंडर वोट की प्रक्रिया, मॉक पोल तथा निर्वाचन संबंधी प्रपत्रों के सही संधारण की जानकारी दी गई। इसके अलावा माइक्रो ऑब्जर्वरों की भूमिका और जिम्मेदारियों को भी स्पष्ट किया गया। मास्टर ट्रेनर्स ने मतदान प्रक्रिया की तकनीकी एवं व्यावहारिक बारीकियों को समझाते हुए कार्मिकों को निर्देशों का सावधानीपूर्वक पालन करने के लिए कहा।

सीडीओ ने प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कार्मिक पूरी गंभीरता, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों के अनुरूप और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराई जानी चाहिए, जिससे निर्वाचन कार्य सुचारू रूप से पूरा हो सके। प्रशिक्षण के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मतदान कार्मिकों और माइक्रो ऑब्जर्वरों ने निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी अपनी शंकाएं रखीं। मास्टर ट्रेनर्स ने मौके पर ही उनकी तकनीकी एवं व्यावहारिक समस्याओं का समाधान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में संबंधित मतदान कार्मिक और माइक्रो ऑब्जर्वर उपस्थित रहे।

खेत में गाय घुसने को लेकर विवाद, पिता-पुत्र से मारपीट, चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना मड़ावरा क्षेत्र के ग्राम सीरोन में खेत में गाय के घुसकर मूंगफली की फसल चरने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर एक व्यक्ति ने अपने तीन पुत्रों के साथ मिलकर पिता-पुत्र के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्राम सीरोन निवासी निर्भय सिंह पुत्र श्याम सिंह लोधी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 सितंबर की सुबह करीब नौ बजे उनकी गाय गांव के ही अजय सिंह पुत्र साहब सिंह यादव के खेत में चली गई थी, जहां मूंगफली की फसल खड़ी थी। गाय के फसल चरने को लेकर अजय सिंह नाराज हो गए और विवाद करने लगे। आरोप है कि इसके बाद अजय सिंह ने अपने तीन पुत्रों बलवीर सिंह, हम्मीर और राजवेन्द्र के साथ मिलकर निर्भय सिंह के भाई दीवान सिंह और उनके पिता श्याम सिंह लोधी के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

आरोप है कि विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद आरोपी मौके से चले गए। घायल भाई का इलाज कराने और फसल कटाई सहित खेती -किसानी के कार्यों में व्यस्त रहने के कारण पुलिस में शिकायत दर्ज कराने में देरी हुई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ग्राम सीरोन निवासी अजय सिंह, बलवीर सिंह, हम्मीर और राजवेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

विसर्जन कुंड की सफाई, रामलीला मैदान में हाईमास्ट लाइट और गड्ढे भरने के निर्देश

दशहरा व प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

दशहरा पर्व एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने रविवार को पार्षदों एवं पालिका टीम के साथ गोविन्द सागर बांध की तलहटी स्थित विसर्जन स्थल तथा गोविन्द नगर-रावतयाना के रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान नपाध्यक्ष ने विसर्जन कुंड की समुचित सफाई कराने, आसपास स्वच्छता बनाए रखने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने और



श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाने पर जोर दिया। उन्होंने विसर्जन के बाद पूजा सामग्री एवं अपशिष्ट को व्यवस्थित ढंग से हटाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद रामलीला मैदान पहुंचकर उन्होंने समिति के पदाधिकारियों से आयोजन की तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने दशहरा से पूर्व मैदान की सफाई, मार्गों के गड्ढे भरने और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा। मैदान में गंदगी फैलाने वालों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। बताया कि दशहरा मैदान में पर्याप्त रोशनी के लिए हाईमास्ट लाइट लगाई गई है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता नगर पालिका की प्राथमिकता है। सभी व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, पार्षद कुंदन पाल सहित रामलीला समिति के पदाधिकारी तथा नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

राजश्री खिलाने की मांग और बाइक की चाबी छीनने का विरोध करने पर युवक को पीटा

ललितपुर। थाना पाली क्षेत्र के ग्राम ठगारी चौराहा पर राजश्री खिलाने की मांग और मोटर साइकिल की चाबी छीनने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि तीन लोगों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी, ईंट और पंप से हमला कर दिया। मारपीट में युवक के सिर में चोट आई, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम ठगारी निवासी मनोहर पुत्र धनसिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह गांव के चौराहे पर खड़ा था। इसी दौरान गांव के ब्रजेन्द्र पुत्र छत्रपाल, बाबू पुत्र पीतम और गोपाल उर्फ दमरू वहां पहुंचे। आरोप है कि तीनों ने उससे राजश्री खिलाने की मांग की और उसकी बाइक की चाबी छीन ली। मनोहर ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिससे उसके सिर में खुली चोट आई तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आईं। घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। शिकायत के आधार पर ब्रजेन्द्र, बाबू और गोपाल उर्फ दमरू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

श्री लक्ष्मीनृसिंह रामलीला के आठवें दिन केवट संवाद, दशरथ मरण और भरत मिलाप का मंचन

केवट ने प्रभु श्रीराम के चरण पखारकर खुद को माना धन्य, भरत मिलाप देख नम हुईं आंखें

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालाबपुरा स्थित श्रीलक्ष्मीनृसिंह रामलीला के आठवें दिन केवट संवाद, राजा दशरथ मरण और भरत मिलाप की लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया गया। वृंदावन से आए श्रीकिशोरी रासलीला एवं रामलीला संस्थान के कलाकारों ने संस्थापक स्वामी ओमप्रकाश के नेतृत्व में सजीव अभिनय कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। लीला में भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण के गंगा तट पर पहुंचने का प्रसंग दिखाया गया। केवट ने प्रभु श्रीराम के चरण पखारकर स्वयं को धन्य माना। इस दृश्य ने श्रद्धालुओं को



भक्ति, समर्पण और निष्काम प्रेम का संदेश दिया। इसके बाद पुत्र वियोग में राजा दशरथ के प्राण त्यागने के मार्मिक प्रसंग ने दर्शकों को भावुक कर दिया। भरत मिलाप की लीला आकर्षण का केंद्र रही। भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का दृश्य देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। परिसर जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों ने भाईचारे, त्याग, मर्यादा और पारिवारिक प्रेम का संदेश दिया। इस दौरान महंत गंगादास महाराज, महंत रामलखन महाराज, नारायण दास महाराज, रामलीला समिति अध्यक्ष राजीव बबेले, मुन्नालाल जैन, प्रदीप चौबे, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल, मीडिया प्रभारी पंकज रैकवार सहित समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

देवगढ़ रोड पर शराब की दुकान के बाहर से खड़ी बाइक चोरी

अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

ललितपुर। कोतवाली क्षेत्र में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की चुनौती के बीच देवगढ़ रोड स्थित नेहरू नगर में देशी शराब की दुकान के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी हो गई। बाइक मालिक के दुकान के अंदर जाने के दौरान अज्ञात चोर वाहन लेकर फरार हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी मोटर साइकिल का कोई सुराग नहीं मिलने पर ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम महेशपुरा निवासी मोर सिंह पुत्र गोकुल राजपूत ने बताया कि उनके बड़े भाई तिलक सिंह राजपूत 17 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 3.50 बजे अपनी मोटर साइकिल से देवगढ़ रोड स्थित नेहरू नगर की देशी शराब की दुकान पर गए थे। उन्होंने अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ी की और सामान लेने के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वह वापस बाहर आए तो बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने पर भी मोटर साइकिल का कोई पता नहीं चला। चोरी हुई मोटर साइकिल का पंजीकरण नंबर यूपी 94 एल 2334 है।

फाइनल में 15-5 और 15-8 से दर्ज की जीत

बैडमिंटन में आर्यवीर व सिद्धांत की जोड़ी ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन लखनऊ के तत्वावधान में बदायूं में आयोजित प्रदेश स्तरीय योनेक्स सनराइज सब-जूनियर अंडर-11 बैडमिंटन प्रतियोगिता में झांसी के आर्यवीर सिंह और ललितपुर के सिद्धांत बुन्देला की युगल जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने के साथ ही दोनों खिलाड़ियों ने अंडर-11 डबल्स नेशनल चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। उनकी इस उपलब्धि से ललितपुर और झांसी के खेल प्रेमियों में खुशी का माहौल है। बदायूं में 14 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में आर्यवीर सिंह और सिद्धांत बुन्देला ने अपने खेल



कौशल, तालमेल और बेहतर प्रदर्शन के दम पर फाइनल तक का सफर तय किया। खिताबी मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों का सामना असीमित कुमार और आरुष यादव की जोड़ी से हुआ। फाइनल में आर्यवीर और सिद्धांत ने प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को 15-5 और 15-8 के सीधे सेटों में पराजित कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस जीत के साथ ही दोनों खिलाड़ियों का चयन अंडर-11 डबल्स नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अब दोनों खिलाड़ी उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाना दोनों खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। ललितपुर के प्रतिभावान बैडमिंटन खिलाड़ी सिद्धांत बुन्देला कर्नल शिक्षा अकादमी में कक्षा चार के छात्र हैं। वह कृष्णा देवी बैडमिंटन अकादमी में नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने और राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने से उनके परिवार, प्रशिक्षकों और अकादमी से जुड़े लोगों में उत्साह है। सिद्धांत की इस सफलता को उनकी मेहनत, अभ्यास और खेल के प्रति लगन का परिणाम माना जा रहा है। कृष्णा देवी बैडमिंटन अकादमी के अन्य खिलाड़ियों ने भी अपनी उपलब्धियों से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे श्लोक राज ने प्रदेश स्तरीय सीबीएसई क्रिस्टल बैडमिंटन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया है। वहीं, देवेंद्र सिंह ठाकुर का चयन खेलो इंडिया के लिए हुआ है। एक ही अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों की इन उपलब्धियों से ललितपुर में बैडमिंटन के प्रति बढ़ते रुझान और युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। आर्यवीर सिंह और सिद्धांत बुन्देला की जोड़ी अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश के लिए पदक जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।

भक्तों ने मांगा सुख-समृद्धि का आशीर्वाद

अष्टमी पर माता मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

ललितपुर। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी के पावन अवसर पर जनपद के विभिन्न माता मंदिरों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का माहौल रहा। सुबह से ही मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिरों में दिनभर भक्तों की आवाजाही बनी रही। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की।

अष्टमी के अवसर पर विभिन्न मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। पुजारियों ने विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई और मां दुर्गा की महाआरती की गई। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंज उठे। भक्तों ने माता रानी के चरणों में शीश नवाकर विश्व कल्याण और जनपद की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। नवरात्रि की अष्टमी पर महिलाओं ने मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया। मां दुर्गा के भक्तिमय भजनों से मंदिर परिसर का वातावरण आध्यात्मिक हो उठा। महिलाओं और अन्य श्रद्धालुओं ने भक्ति गीतों के माध्यम से माता रानी का गुणगान किया। श्रद्धालु मां के जयकारे लगाते हुए भक्ति में लीन नजर आए। विशेष पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद मंदिरों में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर मां दुर्गा से परिवार में सुख-शांति, आरोग्य और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की। अष्टमी पर्व को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

सीएमएचओ कार्यालय के निरीक्षण में कलेक्टर सख्त, 3 कर्मचारियों को नोटिस

तबादले के बाद भी खाली नहीं किए सरकारी आवास, वसूली के आदेश

व्यवस्थाएं सुधारने दिया 1 हफ्ते का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और प्रशासनिक कामकाज में कसावट लाने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालयीन कामकाज में लापरवाही और अनियमितता पाए जाने पर 3 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में स्थित शासकीय आवासों पर अवैध रूप से काबिज स्थानांतरित और मुख्यालय छोड़ चुके कर्मचारियों से लोक निर्माण विभाग की गाइडलाइन के अनुसार बकाया किराया वसूलने के सख्त आदेश जारी किए गए हैं।

अधूरी मिली केशबुक

शुक्रवार को ही कलेक्टर ने डॉ. शेख जलालुद्दीन को सीएमएचओ पद का प्रभार सौंपा था, जिसके तुरंत बाद कार्यालयीन व्यवस्थाओं का धरातलीय जायजा लेने के लिए यह भ्रमण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत में कलेक्टर सबसे पहले लेखा शाखा पहुंचे। यहां पदस्थ सहायक ग्रेड-3 प्रभा देवड़ा द्वारा केश बुक अधूरी रखी पाई गई, जिस पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

स्थापना शाखा में भी मिली कई खामियां: इसके पश्चात स्थापना शाखा के निरीक्षण के दौरान शाखा प्रभारी पूजा सोनी और सीमा परिहार द्वारा भी अपने-अपने दायित्वों का रिकॉर्ड अपडेट नहीं पाया गया, जिस पर उन्हें भी नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। कलेक्टर ने नव-नियुक्त सीएमएचओ डॉ. शेख जलालुद्दीन को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्थापना शाखा से होने वाले समस्त पत्राचार की अनिवार्य रूप से नोटशीट तैयार कर प्रस्तुत की जाए। साथ ही कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों का शाखावार विवरण तथा कौन कर्मचारी कब से किस पद पर कार्यरत है, इसकी विस्तृत सूची तैयार करने के आदेश

सात दिनों बाद फिर से निरीक्षण करेंगे कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कार्यालय के समस्त जिम्मेदार स्टाफ को अपनी-अपनी शाखाओं के कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूरी तरह व्यवस्थित करने की अंतिम समय-सीमा दी है। उन्होंने चेताया कि सात दिनों के भीतर पुनः औचक निरीक्षण किया जाएगा और यदि इस दौरान कोई खामी या लापरवाही उजागर होती है, तो संबंधितों के विरुद्ध सख्त से सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. मनीष चैहान और प्रभारी डीपीएम सुनील वर्मा भी मौजूद रहे।

ट्रांसफर के बाद भी सरकारी फ्लेटों में ये हैं काबिज

जानकारी के अनुसार स्थानांतरण के बाद भी सरकारी आवासों में रहने वाली कर्मचारियों में स्टाफ नर्स दीपा परिहार, डिम्पल वर्मा, सुरेखा मलखाम एवं एएनएम प्रमिला राठौर शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देशों पर अब इन सबसे अब स्थानांतरण दिनांक से अब तक की किराया वसूली की जाएगी वहीं आवास भी खाली करना पड़ेगा।

आस्थाः मन्नत पूरी होने पर आत्माराम ने सब्जी मंडी से महिषासुर मर्दिनी मंदिर तक की लोटन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शामगढ़



नगर में आस्था और विश्वास का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। नगर के आलमगढ़ निवासी आत्माराम मालवीय ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर माता रानी के प्रति अटूट श्रद्धा प्रकट करते हुए एक भव्य लोटन यात्रा (कनक दंडवत) लगाई। यह कठिन यात्रा अष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित की गई।

श्रद्धालु आत्माराम ने अपनी यह लोटन यात्रा शामगढ़ के व्यस्त सब्जी मंडी चौराहा माताजी गेट से प्रारंभ की। यहाँ से वे सड़क पर लेट-लेटकर (लोटन लगाते हुए) आगे बढ़े। उनकी यह यात्रा शामगढ़ नगर की आराध्य देवी, अति प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी के मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। अष्टमी के पावन अवसर पर माता के दरबार की ओर जा रही इस लोटन यात्रा को देखने के लिए स्थानीय श्रद्धालु और राहगीर एकत्रित हो गए। कठिन साधना और तप के साथ मंदिर परिसर पहुँचने पर आत्माराम ने मां महिषासुर मर्दिनी के दर्शन किए और विशेष पूजा-अर्चना कर माथा टेका। नगरवासियों का कहना है कि अति प्राचीन मां महिषासुर मर्दिनी मंदिर के प्रति क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था है, और यहाँ सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। आत्माराम की यह भक्ति देख हर कोई भावविभोर नजर आया।

किसानों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो : गुर्जर



मंदसौर। मंदसौर जिले में नकली खाद-बीज की बिक्री को लेकर जिले भर से किसानों की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह स्थिति किसानों के हितों और कृषि व्यवस्था की पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए नकली खाद-बीज की बिक्री पर तत्काल रोक लगाने तथा पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। गुर्जर ने कहा कि किसान अपनी मेहनत, बहुमूल्य समय और पूंजी लगाकर फसल तैयार करता है। ऐसे में यदि उसे नकली खाद-बीज मिलता है, तो उसकी मेहनत और आर्थिक सुरक्षा पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। किसानों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले भर से किसानों की शिकायतें सामने आना बेहद चिंताजनक है। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कृषि विभाग की निगरानी में नकली खाद-बीज की बिक्री कैसे हो रही है और किसानों की शिकायतों पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है? कृषि विभाग का दायित्व है कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध हो तथा उनके साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी न होने पाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुर्जर ने मांग की कि जिले में खाद-बीज विक्रेताओं की नियमित जांच की जाए, संदिग्ध उत्पादों के नमूने लेकर उनकी गुणवत्ता की जांच कराई जाए, किसानों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई हो तथा कृषि विभाग की भूमिका की भी निष्पक्ष जांच की जाए। जांच में दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में किसानों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी न हो।

संभागीय कराते में वरुण साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जीता स्वर्ण पदक



खिलचीपुर। भोपाल में 14 अक्टूबर को आयोजित संभागीय कराते प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के वरुण साहू पिता गोविंद साहू ने अपनी अद्भुत खेल तकनीक ओर आक्रामक कौशल का परिचय देते हुए प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता है। वहीं जीवन सिंह वर्मा , भूपेंद्र प्रजापति व अमन वर्मा ने द्वितीय स्थान ओर रुद्र प्रताप सिंह, मोहित चैहान , अरुण भील ने तृतीय स्थान हासिल किया है। वरुण की इस स्वर्णिम सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।इस ऐतिहासिक जीत पर जिला खेल अधिकारी महेंद्र परमार ओर विद्यालय के महेंद्र सोलंकी ने वरुण को बधाई दी।

स्टेट जूडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का परचम, जीते 5 स्वर्ण व 4 कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

स्कूल स्टेट जूडो चैंपियनशिप-2026 में खेलो इंडिया सेंटर राजगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण एवं 4 कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले ने बच्चों से भेंट कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रतियोगिता में गोल्ड पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में साक्षी गुप्ता, मैना सौंधिया, कुश वजार, ज्योतिराज प्रजापति, पुष्पेंद्र भदौरिया एवं सुमित प्रजापति शामिल हैं। वहीं कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में दिक्षांत प्रजापति, भाविका गौर, मनीष जाटव एवं हरिओम प्रजापति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया सेंटर राजगढ़ में खिलाड़ियों को नियमित जूडो प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके निरंतर अभ्यास, कठिन परिश्रम और समर्पण को दर्शाती है। राज्य स्तर पर मिली इस सफलता से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है और अब उनका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है।

महर्षि पब्लिक स्कूल में गरबा, डांडिया ने मोहा मन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नवरात्रि के पावन पर्व पर महर्षि पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में गरबा उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक गरबा और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। छात्र छात्राओं द्वारा भारतीय संस्कृति अनुरूप वेशभूषा धारण कर गरबा डांडिया नृत्य किया।पूरे विद्यालय परिसर में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों की छटा देखने को मिली।गरबा कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं मां जगदंबा की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष दिनेश जमींदार, योगेश भावसार, राजेश राठौर, डॉ. बी.एल. गुर्जर, चंदन सिंघी , संस्था प्राचार्य दिनेश गुर्जर , संचालक शिवचरण दांगी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भव्य ग्लोबल स्कूल में गरबा महोत्सव का भव्य समापन



हरिभूमि न्यूज. ब्यावरा। स्थानीय भव्य ग्लोबल स्कूल में भक्ति और उत्साह के साथ श्गरबा महोत्सव 2.0श संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की संगीतमय आरती व पूजा-अर्चना के साथ हुई।पारंपरिक परिधानों में सजे छात्र-छात्राओं ने डांडिया की थाप पर शानदार प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपनी समृद्ध संस्कृति से जुड़ते हैं।उत्कृष्ट गरबा प्रदर्शन व वेशभूषा के लिए बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। अंत में विद्यालय परिवार ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अभिभावकों, विद्यार्थियों व स्टाफ का आभार जताया।

अभद्र व्यवहार का आरोप

नर्सिंग ऑफिसर से अभद्रता करने पर मामला किया दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

शासकीय सिविल अस्पताल में ड्यूटी के दौरान नर्सिंग ऑफिसर के साथ कथित अभद्रता, अश्लील गाली-गलौज और धमकी देने का मामला सामने आया है।

पिपलिया बीजारेल निवासी उदय पर आरोप लगाए गए हैं कि नर्सिंग ऑफिसर कुसुमलता सिविल अस्पताल में ड्यूटी कर रही थी उसी दौरान महिला कि डिलीवरी करावाने लाए युवक ने समय सीमा बताने की बात की ओर ड्यूटी नर्सिंग आफीसर से विवाद कर लिया।पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 132 और 296(ख) के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच में लिया। पुलिस के मुताबिक घटना 15 अक्टूबर रात 11.30 बजे के लगभग की है, जहा डिलीवरी के दौरान लगने वाले समय को लेकर विवाद हुआ।आरोप है कि उदय सिंह ने नर्सिंग ऑफिसर पर डिलीवरी का समय निश्चित बताने के लिए दबाव बनाया। समय निश्चित नहीं बता पाने पर अस्पताल से हटवाने की धमकी देने और अश्लील गाली-गलौज कर अभद्र व्यवहार करने का आरोप भी लगाया गया है।

एक क्विंटल फलों से हुआ मां कालका का श्रृंगार, 51 किलो रबड़ी का लगाया भोग

कैलाश मार्ग अंबेडकर चौराहा पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, दशहरे पर कन्या पूजन के बाद होगा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



शहर के कैलाश मार्ग, अंबेडकर चौराहा स्थित मां भवानी गरबा मंडल समिति द्वारा नवरात्रि पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन माता के दरबार में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन किए जा रहे हैं। सप्तमी के अवसर पर शनिवार को मां कालका का फलों से आकर्षक श्रृंगार किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तो ने दर्शन किए और गरबे का आनंद लिया। मां कालका का करीब एक क्विंटल विभिन्न प्रकार के फलों से श्रृंगार किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचे।

इस विशेष आयोजन के दौरान मां कालका को 51 किलो रबड़ी का भोग अर्पित किया गया। विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन एवं आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच रबड़ी की प्रसादी वितरित की गई। भक्तों ने माता के दर्शन कर परिवार में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

मां भवानी गरबा मंडल समिति द्वारा नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन रात्रि 9 बजे माता जी की आरती के बाद गरबा आयोजन किया जा रहा है। गरबा आयोजन में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि यहां बचपन से लेकर करीब 55 वर्ष तक की माताएं-बहनें भारतीय संस्कृति और पारंपरिक परंपराओं के अनुरूप गरबा कर रही हैं। माता की आराधना के साथ गरबा आयोजन श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

दशहरे पर कल होगा भंडारा

आयोजन समिति द्वारा बताया कि हर वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी 20 अक्टूबर दशहरे के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे से पहले शाम 5 बजे कन्या पूजन किया जाएगा। कन्या पूजन के पश्चात भंडारा प्रारंभ होगा, जो माता की इच्छा तक निरंतर चलता रहेगा। समिति ने शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं से भंडारे में शामिल होकर माता का आशीर्वाद लेने और प्रसादी ग्रहण करने का आग्रह किया है।

एबी रोड पर बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर घायल



सारंगपुर। एबी रोड पार नेनवाड़ा जोड़ के समीप शनिवार को नेशनल हाईवे पार कर रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग दशरथ पिता भावर लाल 72 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से घायल को सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए शाजापुर रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार, बुजुर्ग राजाराम शनिवार को मांग्याखेड़ी गांव से नेनवाड़ा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वहा से लौटते समय उक्त हादसा हो गया।

मीडिया जगत ने की श्री अम्बे माता मंदिर में आरती

मातारानी के दरबार में सभी भक्त एकसमान हैं: डॉ बटवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नवरात्रि केवल गरबों का त्यौहार नहीं है। बल्कि यह शक्ति की आराधना, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं। मातारानी के दरबार में सभी भक्त एकसमान हैं। श्री अम्बे माता मित्र मंडल बधाई का पात्र है। यह बात पत्रकार डॉक्टर घनश्याम बटवाल ने कही। वे यहां श्री अम्बे माता मंदिर प्रांगण खानपुरा में आयोजित गरबा महोत्सव के दौरान सम्बोधित कर रहे थे। पत्रकार नरेंन्द्र धनोतीया ने कहा कि मंदसौर में ऐसे कई मंदिर हैं जो अति प्राचीन हैं। इनमें स्थापित भगवान की प्रतिमाएं चमत्कारी हैं। पत्रकारगण नरेंद्र अग्रवाल, योगेश पोरवाल, धर्मेन्द्र सिंह रानेरा ने भी श्री अम्बे माता की आरती की। अतिथियों का स्वागत कृष्णा गढिया, हनी पालीवाल, संजय टांक, शुभम पालीवाल, बंटू नामदेव, प्रथम नामदेव, साहिल बोरीवाल, हर्षित परमार, राघव बघेरवाल,महेश मेडतवाल, श्रीकांत कुमारिया, हितेश देशमुख आदि ने किया।

परंपरागत दहन स्थल को छोड़कर अन्य स्थान पर होगा रावण दहन कार्यक्रम

41 फीट रावण के साथ कुंभकर्ण-मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर में इस वर्ष विजयदशमी दशहरा पर्व पर 41 फीट ऊंचे दशानन रावण के पुतले के साथ कुंभकर्ण व मेघनाथ के 21- 21 फीट ऊंचे पुतले का दहन होगा। सैकड़ों वर्षों से परंपरागत रूप से मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित जिस मैदान पर रावण के पुतले का दहन कार्यक्रम होता आ रहा है, लेकिन इस बार रावण को अपने पुराने आशियाने को छोड़कर नए आशियाने के रूप में तीर्थ यात्री सेवा सदन के पीछे वाले मैदान में राम के हाथों दहन होना पड़ेगा।

नगर में पूर्व समय में दशहरा पर्व पर रावण के पुतले का निर्माण नगर के ही सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा नगरवासियों से चंदा एकत्रित कर स्थानीय कलाकारों के हाथों ही रावण के पुतले का निर्माण करवाया जाता था। वहीं राम लक्ष्मण की सवारी की व्यवस्था भी इन्हीं के द्वारा देखी जाती थी।

लेकिन पिछले 25 वर्षों से रावण दहन का यहां आयोजन नगर पालिका तथा वर्तमान में नगर परिषद द्वारा किया जाकर रावण के पुतले का निर्माण तथा आतिशबाजी के लिए टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से कार्य करवाए जा रहे हैं। इस वर्ष विजय अहिरवार भोपाल द्वारा रावण तथा मेघनाथ कुंभकर्ण के पुतले का निर्माण किया गया है। नगर में दशहरा का पर्व 20 अक्टूबर को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। सायं 5 बजे किला रोड स्थित श्री सांवलिया नाथ मंदिर में पूजा अर्चना के बाद नगर में भगवान श्री राम लक्ष्मण व हनुमान जी की शोभायात्रा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवकों के पथ संचलन के साथ प्रारंभ होगी।

जो नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई रावण दहन स्थल सेवा सदन के पीछे पहुंचेगी। जहां पर वरिष्ठ प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों के साथ नगर परिषद पदाधिकारी व अधिकारी प्रतीकात्मक रूप से शमी पौधे व भगवान श्री राम का पूजन कर आरती करेंगे।

रावण दहन के पूर्व नगर पंचायत द्वारा आगरा तथा गुना से बुलवाए गए आतिशबाजो द्वारा रंगा रंग व आकर्षक आतिशबाजी के नजारे आकाश मंडल में दिखायें जाएंगे जिसका लुप्त हजारों नगर वासियों द्वारा उठाया जाएगा। आतिशबाजी के पश्चात मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम अग्निबाण चलाकर दशानन, कुंभकर्ण मेघनाद के पुतलों का दहन करेंगे। दशहरा मैदान से लौटने के बाद नागरिक अपने-अपने घरों पर पूजन तथा मंदिर में देव दर्शन करने के बाद एक दूसरे को विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देंगे।